भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण
(जनसम्पर्क निदेशालय)

प्रेस विज्ञप्ति

विषयः- वर्ष 2013-14 के लिए भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने 145 करोड़ रु के लाभांश का भुगतान किया ।

नई दिल्ली, अगस्त 04, 2014 – श्री आलोक सिन्हा, आई.ए.एस., अध्यक्ष, भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने आज माननीय केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री श्री अशोक गजपति राजू पुसापति एवं माननीय केन्द्रीय नागर विमानन राज्य मंत्री श्री जी. एम. सिद्धेश्वरा, को भा.वि.प्रा. के बोर्ड सदस्यों एवं नागर विमानन मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में 145 करोड़ रु का अंतरिम लाभांश का चेक प्रदान किया।

भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण(भाविप्रा) नागर विमानन मंत्रालय का एक सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम है ओर अपनी शुरुआत से ही यह लाभ कमाता आ रहा है। अनंतिम लोकों के अनुसार वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए भाविप्रा ने 8184 करोड़ रु का राजस्व (पिछले वर्ष यह रु 6917 करोड़ था) तथा 2685 करोड़ रु का कर पूर्व लाभ (पिछले वर्ष यह रु 1337 करोड़ था) अर्जित किया है। 2685 करोड़ रू के कर पूर्व लाभ को ध्यान में रखते हुए भाविप्रा द्वारा 145 करोड़ रु का अंतरिम लाभांश भारत सरकार को प्रदान किया गया है।

एक सेवा अभिमुख संगठन होने के नाते भाविप्रा ने गुणवत्तापूर्ण सेवा को अपनी सफलता का मूल मंत्र माना है। अध्यक्ष, भाविप्रा का यह विश्वास है कि भाविप्रा अपने ग्राहकों की सेवा अवसंरचना के माध्यम से करता है तथा 'गुणवत्तापूर्ण सेवा' वास्तव में आने वाले समय में सफलता का मंत्र होगा / हाल ही में एसीआईआ द्वारा किए गये वेश्विक बेंचमार्किंग सर्वेक्षण जो अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एयरपोर्ट सर्विस क्वालिटी (एएसक्यु) सर्वे के रुप में प्रसिद्ध है, के अंतर्गत भाविप्रा के 11 हवाई अड्डों को 5 के स्केल पर 4+ रेटिंग प्राप्त हुई है।

जनसम्पर्क निदेशालय द्वारा जारी
विस्तृत ब्यौरे के लिए कृपया संपर्क करे
महाप्रबंधक (जनसम्पर्क) 9810025069
011-24622787
सं 29 / 2014-15

श्री अलोक सिन्हा, आई.ए.एस, अध्यक्ष भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण , श्री अशोक गजपति राजू पुसापति माननीय केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री तथा श्री जी.   एम. सिद्धेश्वरा, माननीय केन्द्रीय नागर विमानन राज्यमंत्री को 145 करोड़ रु का अंतरिम लाभांश चेक प्रदान करते हुए साथ में श्री वी. सोमासुंदरम, सदस्य(ए एन एस), श्री जी. के. चौकियाल, सदस्य(प्रचालन) , श्री राजेश भण्डारी, कार्यपालक निदेशक(वित्त) व श्री जी.एस. बावा, महाप्रबंधक(जनसम्पर्क) भी इस अवसर पर वहाँ उपस्थित थे।